Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to implement schemes for promotion of tourism in border areas of Rajasthan including Ganganagar Parliamentary Constituency in the State -laid.

श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर): राजस्थान अपनी समृद्ध और ऐतिहासिक संस्कृति व पर्यटन के लिए विश्व प्रसिद्ध है, लेकिन अभी भी राजस्थान के पश्चिमी व सीमावर्ती जिलों में पर्यटन के विकास की अपार संभावनाएं है। मेरे संसदीय क्षेत्र जिला श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ में मोहनजोड़दो की सभ्यता का ऐतिहासिक स्थल कालीबंगा, लैला मजनू की मजार, ग्राम नग्गी, हिंदुमलकोट जैसे शहीदों के स्मारक, भटनेर दुर्ग, पल्लू माता मंदिर आदि बहुत से ऐसे पर्यटन स्थल मौजूद हैं, जिनका विकास करके इन क्षेत्रों में भी पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकता है और साथ ही यहाँ पर नए रोजगार के अवसर भी उत्पन्न किये जा सकते है।

मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र समेत राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यहाँ विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पर्यटन के क्षेत्रों में विकास किया जाए।